तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

04 सरोना में केंद्रीय बजट भाषण के प्रसारण को...



06 प्राशा हेपुरकसा में बच्चों को कराया न्योता भोज



## खबर संक्षेप

### बीएसएफ ट्रेनिंग से लौटीं शिवानी का हुआ स्वागत



**कांकेर।** भारतीय सीमा सुरक्षा बल की 44 सप्ताह की कठिन और अनुशासित ट्रेनिंग। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठपुर में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 31 जनवरी को दीक्षांत समारोह में देश की रक्षा का शपथ ग्रहण के पश्चात 1 फरवरी को अपने गृहनगर श्रीरामनगर पहुँचने पर परिवार के लोग और वार्डवासियो ने शिवानी मिश्रा का ढोल-नगाड़ों, पटाखों के साथ भव्य स्वागत किया। एसएससी जीडी के माध्यम से बीएसएफ के लिए शिवानी मिश्रा का चयन हुआ था।

### भाजपाइयों ने बजट का लाइव प्रसारण देखा-सुना



**कोरर।** भाजपा मंडल कोरर के कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों ने केंद्रीय बजट का पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौतम उइके, भाजपा जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर एवं मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप की उपस्थिति में केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण सुना गया। अनूप सिंह राठौर ने बताया कि यह बजट महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों की उद्यमियों को सीधे बाजार से जोड़ने के लिए शी-मार्ट बनाने की घोषणा की है। इस अवसर पर जय शिवना, शंकर यादव, मनीष परिहार, राजेश पांडे, ईश्वर यदु, राजकुमार साहू, पार्वती साहू, योगेश कोमरा, कुलेश्वर नेताम, धनंजय साहू, भोलू राठौर, गुलशन परिहार, राजेन्द्र जैन एवं कोरर के व्यापारी उपस्थित रहें।

### डूबने से मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत मांडाभर्री निवासी 30 वर्षीय अनित कुमार शोरी पिता सागर शोरी का पानी में डूब जाने से मौत हो गया। मांडाभर्री निवासी मुकुंद नेताम ने पुलिस को बताया कि 30 से 31 जनवरी के बीच मृतक का खेत के पानी में डूबने से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत एड़गुड़ निवासी भुरवाराम पिता लतिराम ने जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 28 नवंबर को मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बाइक से गिरा चालक हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत दुधावा चौकी के सांईमुण्डा के पास 24 जनवरी को कोण्डागांव जिला के विश्रामपुरी थानांतर्गत ग्राम आमगांव निवासी 25 वर्षीय मनोज कुमार मरकाम पिता दीनू राम मोटर सायकल समेत जमीन पर गिर पड़ा। गिरने से गंभीर चोट आया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भीरागांव में 5 फरवरी से क्रिकेट प्रतियोगिता

**दुर्गुकोंदल।** तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम भीरागांव में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से स्व. महार सिंह कोमरा की पुण्य स्मृति में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जय बीसीसी खेल मैदान भीरागांव तहसील भानुप्रतापपुर में आयोजित होगी। टूर्नामेंट का शुभारंभ 5 फरवरी से किया जाएगा।

## बजट : विजन 2047 को लेकर तैयार किया गया बजट

# सुधार एक्सप्रेस से किसान-युवाओं को मिलेगी तरक्की : भाजपा

# मोदी सरकार का आम बजट है मिडिल क्लास विरोधी: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को लगातार नौंवी बार बजट पेश किया। यह मोदी सरकार 3.0 का दूसरा पूर्णकालिक बजट है। वित्तमंत्री ने लोकलुभावन योजनाओं से परहेज किया और 'सुधार एक्सप्रेस' को जारी रखने की घोषणा की। किसानों, युवाओं और छोटी कंपनियों पर विशेष ध्यान दने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर दिया और सुधारों का खाका पेश किया।

- ऑरेंज इकोनॉमी, पर्यटन और खेलो इंडिया मिशन से युवाओं को मिलेंगे नए अवसर
- महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की शुरुआत में इसे युवा शक्ति बजट बताया । उन्होंने कहा कि ऑरेंज इकोनॉमी, पर्यटन और 'खेलो इंडिया' मिशन के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खुलेंगे। यह बजट समावेशी विकास के लिए समर्पित है । सरकार का मुख्य ध्यान गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति पर केंद्रित है । बजट में विदेशी यात्रा, शिक्षा और चिकित्सा के लिए टीसीएस दर घटाई गई है। 17 एंटी-कैंसर दवाओं और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को कस्टम्स ड्यूटी से छूट मिली है, वहीं जो विदेशी नागरिक भारत में रहते हैं, उनकी विदेश से होने वाली कमाई पर अब टैक्स नहीं लगेगा। आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है। भाजपा के विधायक व नेता एवं कांग्रेस के विधायक व नेता ने बजट को लेकर प्रतिक्रियाएं दी है। भाजपा इसे सुधार एक्सप्रेस का बजट मान रही है, वहीं कांग्रेस इस बजट को मिडिल क्लास विरोधी बजट बता रही है।

### किसानों की आय बढ़ाने वाला बजट



भाजपा के प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर ने कहा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने के व्यापक उद्देश्य से 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का विकास करने, तटीय क्षेत्रों में मत्स्य मूल्य श्रृंखला को मजबूती प्रदान करने तथा स्टार्टअप एवं महिलाओं की अगुवाई वाले समूह को मत्स्य कृषक उत्पादक संगठनों के साथ शामिल करते हुए बाजार से जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा उच्च मूल्य वाली फसलों में सहायता प्रदान कर उच्च मूल्य वाली खेतीबाड़ी पर जोर दिया।

## केंद्रीय आम बजट पर प्रतिक्रियाएं




### बजट दिखावे का, नहीं मिलेगी राहत



भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने बजट को लेकर कहा कि द्रीय बजट एक बार फिर आम जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है। यह बजट गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग के लिए निराशाजनक है। महंगाई, बेरोजगारी और गिरती आमदनी जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार ने कोई ठोस समाधान नहीं दिया है। किसानों के लिए केवल घोषणाएं की गई हैं, लेकिन उनकी आय बढ़ाने और लागत कम करने को लेकर बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के बजाय सरकार ने आंकड़ों और वादों का सहारा लिया है।

### छत्तीसगढ़ को कोई लाभ नहीं हुआ



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को इस बजट से कोई विशेष लाभ नहीं हुआ है। बजट में महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इसमें शिक्षित युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी के समाधान को लेकर भी कोई बात नहीं की गई है। इसके साथ ही एसटी, एससी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस एवं अल्पसंख्यक वर्गों के लिए किसी भी प्रकार की सहायता या विशेष प्रावधान नहीं किए गए हैं। इसके अलावा मनरेगा की जगह आए नए कानून को लेकर भी कोई जिक्र नहीं किया गया है।

### देश के नागरिकों की जेब भरने वाला बजट है



भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। युवाओं के लिए कई सेक्टर खोल दिए हैं, यह विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है, यह बजट फोर्स मल्टटीप्लायर है। विकसित भारत के मिशन को आम नागरिक चलाने जा रहे हैं। यह बजट शक्ति बढ़ाने वाला है, यह बजट बचत, निवेश, उपभोग और विकास को बढ़ाएगा। आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन यह बजट उससे बिलकुल उल्टा है।

### विकसित भारत का है बजट



कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि केंद्रीय बजट देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाला और हर वर्ग के विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया बजट है। यह बजट किसान, युवा, महिला, गरीब और मध्यम वर्ग सभी के लिए नए अवसर लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूती देता है। यह बजट देश को विकसित भारत की दिशा में ले जाने वाला है और आम जनता के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएगा। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करता हूं।

### पर्यावरण संरक्षण व तकनीकी विकास का रखा ध्यान



भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा किकेंद्रीय बजट न केवल आर्थिक मजबूती का दस्तावेज है, बल्कि यह देश को डिजिटल और हरित विकास की दिशा में आगे ले जाने वाला बजट भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी विकास को भी समान महत्व देता है। बजट में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑनलाइन सेवाओं और नई तकनीकों को बढ़ावा देने से शासन में पारदर्शिता आएगी और युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही, हरित ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रावधान भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भारत का निर्माण करेंगे।

# स्कूल से लौटते छात्रों को बस से उतारा और चालक ने की बस की धुलाई, बच्चे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

पखांजूर के एनबी नवयुग हायर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन और स्कूल बस चालक की घोर लापरवाही ने न केवल नियमों की अनदेखी की, बल्कि मासूम स्कूली बच्चों की सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया। स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रहे बच्चों को बीच रास्ते में उतारकर बस चालक गाड़ी धोने में व्यस्त हो गया, जबकि बच्चे तेज धूप में सड़क किनारे पेड़ के नीचे बैठकर इंतजार करने को मजबूर रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोज की तरह स्कूल की छुट्टी होने के बाद छात्र बस में सवार होकर अपने-अपने घरों के लिए निकले थे, लेकिन निर्धारित रूट और जिम्मेदारी का पालन करने के बजाय बस चालक ने रास्ते में ही एक गैरेज या सर्विस सेंटर के पास बस रोक ▶▶| शेष पेज 4 पर

- चालक की मनमानी और लापरवाही पालकों के लिए चिंता का विषय

### नियमानुसार होगी कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए जब सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अमिताभ सरकार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्कूली बच्चों के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में यह तथ्य सामने आता है कि चालक या स्कूल प्रबंधन दोषी है, तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दो किलो गांजा किया जब्त, बांदे पुलिस ने दो कोचिया को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत बान्दे पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने एक तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2 किलो से अधिक गांजा, तस्करी में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल और नगद राशि जब्त की गई है।

जानकारी के अनुसार 31 जनवरी को बांदे पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध गांजा का परिवहन कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया और दयानगर पीव्ही 98 स्थित सुरंजन मजुमदार के घर के पास पक्की सड़क पर घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान एक संदिग्ध युवक प्लेटिना मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ की गई। तलाशी लेने पर उसके पास से तीन पैकेटों में रखा 2.050 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 1 लाख के आसपास बताई जा रही है। इसके अलावा गांजा तस्करी में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 केवी 7679 तथा गांजा बिक्री से प्राप्त 1,200 नगद भी जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्रीकांत मंडल 33 वर्ष निवासी जयरामनगर (पीव्ही 100) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 06/2026 के तहत धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी के तार किसी बड़े तस्करी नेटवर्क से जुड़े हैं या नहीं। गांजा तस्कर पर कार्यवाही करने में बांदे थाना प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र साहू, उप निरीक्षक राजकुमार सिन्हा, देवनारायण बंजारे तथा अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका रही।



# टोकन की सीमा से धान खरीदी हुआ बाधित, बिक्री से किसान हुए वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



खेतों में पसीना बहाकर सुनहरे सपने बोने वाले किसान आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। समर्थन मूल्य पर धान बेचने की आस लगाए हजारों-लाखों किसानों के लिए यह खरीफ सीजन उम्मीद नहीं, बल्कि निराशा की कहानी बनकर रह गया। टोकन लिमिट की दीवार ने किसानों की मेहनत पर ऐसा ब्रेक लगाया कि सत्यापन पूरा होने के बावजूद उनकी फसल उपार्जन केंद्रों तक पहुंच ही नहीं सकी।

किसान नेता अमर जाड़े ने चेतावनी दी है कि यदि खरीदी की समय-सीमा 15 से 28 फरवरी तक नहीं बढ़ाई गई, सभी सत्यापित किसानों को टोकन जारी नहीं किए गए और वंचित किसानों को मुआवजा नहीं मिला, तो राज्यभर में व्यापक किसान आंदोलन छेड़ा जाएगा। किसानों के साथ हो रहे इस अन्याय के खिलाफ आवाज अब और तेज होने वाली है। किसान संगठनों का आरोप है कि टोकन लिमिट न बढ़ाना, खरीदी केंद्रों की सीमित क्षमता, बारदाने की कमी और तकनीकी खामियां किसी व्यवस्था की मजबूरी नहीं, बल्कि गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा हैं। किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा बार-बार किए जा रहे किसान गारंटी और एमएसपी पर खरीदी के दावे जमीनी स्तर पर खोखले साबित हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य में किसानों को न समय पर खरीदी मिली और न ही उनकी उपज का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित हो सका। उपार्जन केंद्रों में धान जमा नहीं हो सका और किसानों को मजबूरन अपनी फसल घरों या खुले मैदानों में रखना पड़ा। इस संकट का सबसे ज्यादा असर छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ा है। खुले में रखे धान को खराब मौसम, नमी और भंडारण की कमी से भारी नुकसान का खतरा है।

### धान खरीदी इस बार कम हुई

किसान नेताओं ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत राज्य सरकार ने 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य तय किया था, लेकिन हकीकत में महज 139 से 140 लाख मीट्रिक टन की ही खरीदी हो पाई। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में करीब 9 लाख मीट्रिक टन कम है। इसका सीधा असर किसानों पर पड़ा, क्योंकि अनुमान है कि दो लाख से अधिक किसान समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने से वंचित रह गए।

## प्रश्नपत्र देने के लिए पहुँचे नोडल अधिकारी को करना पड़ा इंतजार

# टीईटी की परीक्षा में घोर लापरवाही उजागर परीक्षार्थी पहुंचे गए समय पर केंद्र मिला बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

टीईटी की परीक्षा जिले के कई केंद्रो पर 1 फरवरी को हुई, परंतु शहर के शासकीय कन्या हाईस्कूल मांझापारा केंद्र कमांक 2014 का ताला पौने आठ बजे खुला, यहाँ तक इस विद्यालय के प्राचार्य ही 7 बजकर 40 मिनट पर पहुँचे। प्रश्नपत्र लेकर पहुँचा वाहन ताला लटका होने के कारण वापस हो रहा था, परंतु प्राचार्य के पहुँचने पर वाहन रूक गया और उसके बाद प्रश्नपत्र देकर दूसरे केंद्र के लिए रवाना हुआ। परीक्षा देने पहुँचे परीक्षार्थियों ने बताया कि सुबह साढ़े 9 बजे प्रवेश करना था, उसके दो घंटे पहले पहुँचने के लिए प्रवेश पत्र में उल्लेखित था। परीक्षार्थी साढ़े 7 बजे पहुँच गए थे, परंतु परीक्षा केंद्र 2014 पर ताला लटका हुआ था। ताला लटके होने पर आसपास परीक्षार्थियों ने प्रयास किया, परंतु कोई जानकारी नहीं मिली। इसकी जानकारी परेशान परिक्षार्थियों ने हरिभूमि को दिया। हरिभूमि टीम जब पहुँची, तब भी ताला लटका हुआ था। इस केंद्र के लिए प्रश्नपत्र देने के लिए पहुँची टीम को भी ताला लटका मिला। यह टीम दूसरे केंद्र जाने के लिए बोलेरो को मोड़ लिया था, उसी समय 7 बजकर 40 मिनट पर प्राचार्य पहुँचे। उसके बाद पड़ोस में रहने वाले भृत्य को साथ में लाकर ताला खोला गया। इस समय तक एक भी पर्यवेक्षक नहीं पहुँचे थे, यहाँ तक सुरक्षा में तैनात जवान भी नहीं पहुंचे थे। पूरी टीम समय पर नहीं पहुँच पाई थी। देर से पहुँचे प्राचार्य एवं उनके स्टाप में मीडिया को देख अफरा तफरी मच गई और अपने साथियों को जल्द आने के लिए फोन करने लगे।

- परीक्षार्थियों की जाँच के लिए एक आरक्षक व नगर सैनिक भी समय पर नहीं पहुँचे



### प्राचार्य बैनर बाँधते आए नजर

स्कूल की टीम के देरी से आने के चलते प्राचार्य व्यवसायिक परीक्षा मंडल के निर्देशों का बैनर को गेट परा बाँधते हुए नजर आएं। परीक्षा देने पहुँचे परीक्षार्थी एवं उनके पालक प्राचार्य के इस हाल को देखकर कई प्रकार की टिप्पड़ी करते हुए नजर आएं। इसके अलावा आरक्षक 8 बजे आया, वहीं उसके साथ महिला नगर सैनिक 8 बजकर 20 मिनट पर पहुँची। इस तरह की लापरवाही बरतने वालों पर प्रशासन कार्यवाही करता है या बख्शा जाता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# डांग डोली के साथ महानदी में श्रद्धालुओं ने किया पूर्णिमा स्नान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम चिहारीपारा में परंपरागत डांग डोली एवं पुनि नहाने का कार्यक्रम पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव के लोगों ने सितला माता मंदिर के डांग सहित गांव के समस्त देवी-देवताओं को ससम्मान बाजे-गाजे के साथ लेकर मालगांव घाट महानदी की ओर प्रस्थान किया। सुबह से ही ▶▶| शेष पेज 4 पर

- माघ पूर्णिमा पर भक्ति और उत्साह का हुआ अद्भुत संगम

## खबर संक्षेप

### 17 लीटर शराब और स्कूटी जब्त, कोचिया पर कार्रवाई



**कांकेर।** जिले में अवैध शराब कारोबार और नशे से जुड़ी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कांकेर पुलिस द्वारा लगातार सघन पेट्रोलिंग एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कांकेर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध रूप से महुआ शराब बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 17 लीटर महुआ शराब जब्त की है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में शराबियों, नशेड़ियों, गजेड़ियों एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखते हुए पेट्रोलिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर ग्राम इच्छापुर चौक के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपी आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम उसेली निवासी 19 वर्षीय कल्याण प्रधान पिता शिवलाल प्रधान के कब्जे से 17 लीटर महुआ शराब एवं एक काले रंग की स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 8969 को जप्त किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र साहू के नेतृत्व में सउनि भुनेश्वरी भगत, आरक्षक दुर्गेश सोनवानी, आरक्षक पुरन लाल साहू एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पखांजूर की बिटिया ने विदेश से एमबीबीएस की परीक्षा पास की



**पखांजुर।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और अगर इरादे नेक हों, तो सात समंदर पार भी सफलता के झंडे गाड़े जा सकते हैं। इसे सच कर दिखाया है पखांजुर की होनहार बेटी सुनयना दास ने। सुनयना ने विदेश से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने के बाद, भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक एफएमजीई को अपने पहले ही प्रयास में पास कर लिया है। व्याख्याता शिखा बिश्वदेव दास की सुपुत्री सुनयना बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की रही हैं। वर्ष 2016 में स्काउट एवं गाइड के लिए राज्यपाल पुरस्कार से भी नवाजी जा चुकी हैं। सुनयना केवल चिकित्सा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि संगीत और कला में भी पारंगत हैं। डॉ. सुनयना दास ने कहा कि मेरा लक्ष्य एक कुशल डॉक्टर बनकर समाज और अपने देश की सेवा करना है।

## पेज 3 के शेष...

### स्कूल से लौटते ...

दी और बच्चों को उतारकर वाहन धोने लगा। घंटों पढ़ाई के बाद थके हुए बच्चे धूप और गर्मी में असहाय स्थिति में बैठे रहे, जिससे उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों पर खतरा मंडराता रहा। घटना से नाराज अभिभावकों ने बताया कि बच्चे स्कूल से सीधे घर पहुंचने के लिए उत्सुक रहते हैं। ऐसे में उन्हें बीच रास्ते में उतार देना न केवल मानसिक परेशानी है, बल्कि किसी भी अनहोनी की आशंका को भी बढ़ाता है। यह कृत्य स्कूल प्रबंधन और बस चालक की घोर गैर-जिम्मेदारी को दर्शाता है, जो नियमों के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं के भी खिलाफ है।

### डांग डोली के...

गांव में धार्मिक माहौल बना रहा। ढोल, नगाड़े और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच गांव के लोग जुलूस के रूप में महानदी घाट पहुंचे। वहां विधि-विधान से देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद पुनि नहाने की परंपरा निभाई गई। मान्यता है कि मांघ पूर्णिमा के दिन महानदी में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और गांव में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इस धार्मिक आयोजन में गांव के वरिष्ठ जनों और युवाओं की विशेष सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का सुंदर उदाहरण भी देखने को मिला। महिलाएं, पुरुष, बच्चे सभी पारंपरिक उल्लास के साथ इस आयोजन में शामिल हुए। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर वर्ष मांघ पूर्णिमा के दिन गांव के लोग एकजुट होकर इस धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गायता राजाराम नेताम, फुलचंद कुंजाम, सहदेव नेताम, सिताराम नेताम, मंगल राम मंडावी, अजय शोरी, शिवलाल नेताम, पिलेसिह टेकाम, देवकरण मरकाम, भिखम मरकाम, सुरज मंडावी, चन्दन नेताम, काशीराम नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी वर्ग पर विशेष फोकस बजट है लाजवाब

# सरोना में केंद्रीय बजट भाषण के प्रसारण को विधायक समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट भाषण का सीधा प्रसारण सरोना में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। सभी ने एकजुट होकर बजट भाषण को ध्यानपूर्वक सुना और सरकार की आर्थिक नीतियों को समझा।

बजट सत्र के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया, जिसमें देश की अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक संकेत दिए गए। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार चालू वित्त वर्ष में देश की विकास दर 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। इस अनुमान को देश की आर्थिक मजबूती और भविष्य की संभावनाओं के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर विधायक ने बजट को जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी वर्ग पर विशेष फोकस किया है। उन्होंने कहा कि बजट का मुख्य आधार कृषि, एमएसएमई और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाओं और आवश्यक सुधारों को लागू करना है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह बजट किसानों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इसमें कृषि क्षेत्र के विकास के लिए कई नई योजनाओं और सुधारों की घोषणा की गई है। किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह बजट एक मजबूत कदम साबित होगा। बजट में किसानों के लिए कई अहम घोषणाएं की गई हैं। इनमें कृषि ऋण की सुविधा को और अधिक सुलभ बनाना, फसल बीमा योजना का विस्तार करना तथा कृषि उत्पादों के लिए बेहतर और पारदर्शी बाजार उपलब्ध कराने जैसे प्रावधान शामिल हैं। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और जोखिम भी कम होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बजट की सराहना करते हुए इसे देश के सर्वांगीण विकास का बजट बताया। सभी ने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार की ये योजनाएं आम जनता, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएंगी।

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम, अजय हिरवानी, निलेश गोलछा, अनिल गजपाल, संजय गोलछा, अशोक निषाद, बेराग शोरी, चंपा जायसवाल, भागवत जैन, डाक्टर धालेश्वर सोनकाले, बीएस साहु, कौशल पटेल, सगे सिंह वट्टी, चिंतामणि रामटेके, दीपक सहित भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहें।

# सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी व पोती घायल चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना परतापुर अंतर्गत मर्ग क्रमांक 01/2026 धारा 194 बीएनएसएस की जांच में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। विवेचना में पाया गया कि 31 दिसंबर मद्रासीपारा अंतागढ़ निवासी 55 वर्षीय श्यामसाय हुपेण्डी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 0244 से अपने दामाद के घर ग्राम माचपल्ली गया था।अगले दिन 1 जनवरी को दोपहर करीब 4 बजे वे अपनी पोती पार्वती हुपेण्डी के साथ वापस अंतागढ़ लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम महला जाने वाले कच्चे मार्ग के पास मुख्य सड़क मोड़ पर सामने से आ वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 0830 के चालक ने तेज गति और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में श्यामसाय हुपेण्डी के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी के दाहिने आंख के पास तथा पोती के सिर व पैर में गंभीर चोटें लगीं।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस से शासकीय सिविल अस्पताल पखांजूर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने श्यामसाय हुपेण्डी को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल पत्नी और पोती को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। मर्ग जांच के दौरान मृतक का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल पखांजुर में कराया गया। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने सड़क दुर्घटना के कारण सिर में आई गंभीर चोट को मृत्यु का कारण बताया है। जांच में यह भी सामने आया कि मोटर सायकल चालक की लापरवाही और उतावलेपन के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 0830 के चालक के विरुद्ध धारा 281 और 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# रजत महोत्सव में विद्युत विभाग ने गिनाईं 25 वर्षों की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्युत विभाग द्वारा सामुदायिक भवन दुर्गुकोंदल में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्युत क्षेत्र में बीते 25 वर्षों के दौरान हुई प्रगति और उपलब्धियों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यपालन अभियंता सुरेश कुमार ठाकुर ने कहा कि इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास किया है और विद्युत क्षेत्र में तो प्रदेश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। राज्य गठन के समय दुर्गुकोंदल क्षेत्र में बिजली कटौती आम बात थी और पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति केवल एक सब स्टेशन पर निर्भर थी। वर्ष 2007 तक यह क्षेत्र लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहा था, जिसके कारण किसान रबी फसल तक नहीं ले पा रहे थे। बाद में दुर्गूकोंदल सर्विस स्टेशन में 5.1 एमबीए का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में दो से अधिक नए सब स्टेशन स्थापित किए गए। इन प्रयासों का परिणाम यह हुआ कि अब पूरे क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल रही है, जिससे किसान आसानी से दो फसल लेने में सक्षम हो गए हैं। शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। बीपीएल कनेक्शन योजना, कुशल जीवन ज्योति योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना सहित उपभोक्ता सुविधा और पारदर्शिता के लिए शुरू की गई मोर बिजली एप, केंद्रीकृत कॉल सेंटर, ई-संपर्क सेवा तथा ऑनलाइन कनेक्शन प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से आम उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा है और विद्युत सेवाएं अधिक सरल व सुलभ हुई हैं। इस अवसर पर सहायक अभियंता उत्तम यदु, कनिष्ठ यंत्री नरोत्तम सिंह राठिया, परिचारक वर्ग-एक अजेंद्र रावत, अनेश सलाम सहित अन्य स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित रहें।

### टमाटर 8-10 रुपए किलो बिका, हरी सब्जियां आईं

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में हरी सब्जियों के कमी आने से ग्राहकों ने राहत की सांस ली है, दिसंबर की तुलना में जनवरी में सब्जियों के दाम में कमी आई है। इस बार टमाटर के दाम कम होने के बाद 8-10 रुपए किलो तक पहुंचा है। सब्जी के दाम कम होने से राहत मिली है, सब्जी के दाम कम होने से लोग बड़ी मात्रा में सब्जी खरीद रहे हैं।

# हमर लक्ष्य अभियान की मानव श्रृंखला में बच्चों ने शत-प्रतिशत परिणाम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

अभिनव पहल हमर लक्ष्य कार्यक्रम के अंतर्गत 31 जनवरी को दुर्गूकोंदल में विद्यार्थियों द्वारा विशेष जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सशक्त क्रियान्वयन, व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल, बालक माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल एवं प्राथमिक शाला दुर्गूकोंदल के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से रैली निकाली।



रैली का मुख्य उद्देश्य हमर लक्ष्य को गांव-गांव, घर-घर एवं जन-जन तक पहुँचाना रहा। विद्यार्थियों ने हाथों में संदेश पट्टिकाएं लेकर शिक्षा के महत्व, नियमित उपस्थिति एवं बेहतर शैक्षणिक परिणामों का संदेश दिया। रैली के दौरान दुर्गूकोंदल चौक में बच्चों द्वारा हमर लक्ष्य के उद्देश्य 100 प्रतिशत उपस्थिति एवं 100 प्रतिशत परिणाम को दर्शाते हुए मानव श्रृंखला बनाई गई। इस मानव श्रृंखला ने उपस्थित नागरिकों को शिक्षा के प्रति जागरूक होने और बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय सहयोग देने का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से अव्हान कि गई कि अनुपस्थित एवं कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष अनुरोध कार्यक्रम चलाया जाए, जिससे वे पुनः नियमित रूप से विद्यालय से जुड़ सकें। साथ ही जिले से राज्य प्रावीण्य सूची में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का चयन सुनिश्चित करने एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। आयोजन में पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल के शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अशोक जैन बीईओ अजनी मंडावी, बीआरसी लातिप सोम, संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, व्याख्याता दिलीप सेवता, गजेन्द्र टांडिया, हरीश नागराज, वाशुशकर सिन्हा, अभिनव कुमरा, राजेश साहू, हामिद खान, बालक माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल से पूनम वाधवाणी, मधु ध्रुव, प्राथमिक शाला दुर्गूकोंदल की प्रधान पाठक सुमित्रा बघेल, रेशमा कारके सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

# रात्रिकालीन राज्य क्रिकेट प्रतियोगिता में नारायणपुर ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना




यॅलो स्टार क्लब सरोना के तत्वाधान में आयोजित आठ दिवसीय राज्य स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बड़े ही उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आराध्या इलेवन रामटोला और नारायणपुर टीम के बीच खेला गया, जिसमें नारायणपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

फाइनल मुकाबले में नारायणपुर ने टॉस जीतकर आराध्या इलेवन रामटोला को पहले बल्लेबाजी करने का आमंत्रण दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामटोला की टीम ने निर्धारित 7 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 78 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नारायणपुर टीम की ओर से ओपनर बल्लेबाज ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ शॉट लगाए और टीम को आसानी से जीत दिला दी। नारायणपुर की इस शानदार जीत पर मैदान में मौजूद दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज रत्न ज्वेलर्स धमतरी के संचालक राजा सुरेश कुमार संचेती उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता येलो स्टार क्लब के संरक्षक यशवंत सुरोजिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, उपसरपंच दिनेश सहारे, मंडल उपाध्यक्ष अशोक निषाद, वीरेंद्र साहू, सेवाराम वटटी, शिक्षक सुरेश ठाकुर एवं कमलेश निषाद उपस्थित रहें।

विजेता टीम नारायणपुर को राज रत्न ज्वेलर्स धमतरी की ओर से प्रथम पुरस्कार के रूप में 75 हजार रुपएं नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम आराध्या इलेवन रामटोला को बीआरसी हिमन कोराम की स्मृति में खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक एवं समस्त संकुल समन्वयकों की ओर से 35 हजार रुपएं नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यॅलो स्टार क्लब अध्यक्ष गौरव नेताम, खेमन सुरोजिया, ललित बघेल, संदीप यादव, मोहम्मद वल्ली, अभिमन्यु यादव, बच्चन, पुरुषोत्तम, विक्की लुनावत, सौरभ लुनावत, प्रशांत गिरी, अश्वनी सिन्हा, प्रहलाद, दीपक, गौरव, श्रीकांत, भूपेन्द्र साहू, राजेंद्र, महेंद्र नाग, गुलशन निषाद, बंटी ठाकुर, नीलेश गोलछा, राजेश डोसी, रंजित, नीरज फव्यानी, सेवा वट्टी, डॉ. धालेश्वर सोनकले, अर्जुन मरकाम, भोज साहू सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# पूंजीगत व्यय को बढ़ाने से इफ्रास्ट्रक्चर और विकास तेज होगा व आएगी आत्मनिर्भरता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा केंद्रीय बजट 2026 का लाइव प्रसारण सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी जगत के प्रतिनिधि, पत्रकार, अधिवक्ता, महिला मोर्चा की नेत्रियाँ तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहें। यहां सभी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट भाषण को ध्यान से सुना और उसके प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपाध्यक्ष सतीश लटिया तथा जिला उपाध्यक्ष बृजेश चौहान की विशेष उपस्थिति रही, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे और संचालक महामंत्री राजीव श्रीवास रहे, बजट 2026 कार्यक्रम के मंडल संयोजक प्रदीप जैन की भूमिका भी सार्थक रही। आभार प्रदर्शन महामंत्री गिरधारी नरेटी ने किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह लगातार नौवां केंद्रीय बजट है, जिसे संसद में आज पेश किया गया। बजट में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर लगभग 12.2 लाख करोड़ किया गया है, जो फ्रास्ट्रक्चर और विकास को बढ़ावा देगा। नए इनकम टैक्स बिल से टैक्स प्रणाली को सरल बनाने की कोशिश की गई है और नई टैक्स स्लैब के अनुसार अधिकतर मध्यम आय वर्ग को लाभ मिलने की संभावना है। नए टैक्स नियम के तहत 12 लाख तक की आय पर टैक्स बिलकुल नहीं होगा। कार्यक्रम में बजट 2026 के आर्थिक दृष्टिकोण, नागरिकों की जीवनशैली पर प्रभाव, कर ढांचे के बदलाव, तथा व्यापार, कृषि, महिला व युवा रोजगार के अवसरों पर सार्थक चर्चा हुई। सभी ने मिलकर निर्णय लिया कि इस बजट को सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से समझकर स्थानीय स्तर पर जनता को जागरूक किया जाएगा ताकि इसका लाभ हर वर्ग तक पहुँच सके। प्रदर्शन के पश्चात उपस्थित लोगों ने आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का सुझाव दिया गया। कार्यक्रम में टैक्स सलाहकार निशांत ठाकुर,पत्रकार मीडियाकर्मी साथी राजकुमार दुबे, रिपुदमन सिंह बैस, खिलेश्वर नेताम, अरुण रावत, भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री राजा पाण्डेय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद जैन, पूर्व कार्यालय मंत्री रत्नेश सिंह जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा वरुण खापर्डे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा रजिंदर रंधावा, मंडल मंत्री सुमित्रा साहू, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री शकुंतला यादव, संगीता टांडिया सीता चंद्राकर, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज रावटे तथा व्यापारी प्रतिनिधि लक्ष्मण माखीजा, जीवन चंद जैन, अजय लखानी, बुनिश कुमार, ललित गांधी, धर्मेंद्र रावटे, विजय जैन, राजकुमार यादव, गुमान सिंह ठाकुर, छबिलाल जैन, हेम सोनवानी, कृष्णा निषाद,बाल्मीकि पुजारी, लक्ष्मण कुलदीप, हेमनारायण सिन्हा, रवि ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानन डड़सेना मंडल उपाध्यक्ष योगेश सोनवानी, चैतुराम आंचला ढलान सिंह राणा वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमप्रकाश शिवहरे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश देवांगन प्रेम शर्मा, हिमांशु ठाकुर अंकुर शुक्ल एवं अन्य उपस्थित रहें।

### शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी

# कांकेर पुलिस की पहल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कांकेर पुलिस द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, छेड़छाड़, हिंसा या अन्य अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत के लिए हेल्पलाईन नंबर भी जारी किया गया है।

कांकेर पुलिस द्वारा 1 फरवरी को पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल भानुप्रतापपुर एवं दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले में महिला रक्षा टीम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डीएसपी सुश्री प्रतिभा लहरे एवं डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे कि उपस्थिति रहीं। कांकेर पुलिस की इस अभिनव पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम करना, पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना तथा जिले में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। महिला रक्षा टीम द्वारा स्कूल, कॉलेज, छात्रावास एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नियमित पेट्रोलिंग की जाएगी। इसके माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को अभिव्यक्ति ऐप के जरिए ऑनलाइन तथा शिकायत पेटी के माध्यम से ऑफलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जाएगा, ताकि पीड़ित निर्भय होकर अपनी समस्याएं सामने रख सकें। इसके अलावा टीम द्वारा मेला, मड़ई एवं साप्ताहिक बाजारों में विशेष शिविर आयोजित कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाओं और बालिकाओं को घरेलू हिंसा, गुड टच-बैड टच, बाल अपराध, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, पॉक्सो एक्ट, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, साइबर अपराध से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं आत्मरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, छेड़छाड़, हिंसा या अन्य अपराध की स्थिति में तत्काल सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 94791-55925 भी जारी किया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस नंबर पर प्राप्त सूचना एवं सूचनाकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। कांकेर पुलिस की यह पहल जिले में महिला सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

### 100 प्रतिशत रिजल्ट के लिए छात्र-छात्राओं निकाली रैली



**चारामा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरौद में हमर लक्ष्य 100 प्रतिशत रिजल्ट के तहत एक प्रेरक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों में परीक्षा के प्रति गंभीरता, आत्मविश्वास एवं मेहनत की भावना विकसित करना था, ताकि विद्यालय का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित किया जा सके। रैली के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संकल्प लिया कि विद्यालय का प्रत्येक छात्र सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचे और विद्यालय का नाम हर क्षेत्र में रोशन हो। वक्ताओं ने कहा कि लक्ष्य केवल अच्छा परिणाम लाना नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी के साथ निरंतर प्रयास करना है। रैली को एक मजबूत संकल्प के रूप में देखा गया, जो विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं जिम्मेदारी का बोध कराएगा। विद्यालय परिवार का मानना है कि बड़े सपनों को सच्ची मेहनत से ही पूरा किया जा सकता है और सामूहिक प्रयास से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूरी लगन से अध्ययन करने तथा 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख हरिश्चन्द्र पोटाई, जनक ठाकुर, योगेश कुमार साहू, उदिता भोयार, हरिश्चन्द्र कांगे, महेंद्र नायक, पूजा साहू, लीना राजपूत, शिव लाल उसेंडी एवं हरि सौन्दर्य सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें।

खबर संक्षेप

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित



**तोकापाल।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उमावि मावलीभाटा ने प्राथमिक शाला बाकटीपारा 28 से 3 फरवरी तक 7 दिवसीय शिविर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर मौन धारण किया गया। स्वयंसेवको के द्वारा कार्यक्रम प्रभारी उग्रेस सोरी व सहा. कार्यक्रम अधिकारी नगेश दास के मार्गदर्शन में मिडिल स्कूल हैंडपंप के पास सोखता गढ्डा निर्माण, बाकटीपारा चौक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बाकटीपारा में साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर उनका भजन रघुपति राघव व वैष्णव जन भजन का गायन समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व स्वयंसेवकों के द्वारा गाया गया। शिविर में प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय बाकटीपारा के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए व छात्र छात्राएं भी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। वार्डवासियों एवं ग्रामवासियों के द्वारा एनएसएस के कार्य को सराहा जा रहा है।

## दुर्गम नक्सल क्षेत्र में कलेक्टर का पैदल भ्रमण



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे द्वारा ग्राम मंगनार से आश्रित ग्राम बोधघाट तक 10 किमी दोपहिया एवं 5 किमी पैदल यात्रा कर ग्राम गुण्डा से बुड्डुगुफा होते हुए तुलार गुफा (ग्राम पंचायत गुवाल) का भ्रमण किया गया। यात्रा के दौरान बुड्डुगुफा, तुलार गुफा पहुंच मार्ग का जायजा लिया गया एवं ग्रामीणों से सीधी चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने सड़क, पुल-पुलिया, उप स्वास्थ्य केंद्र, शाला भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र जैसी मूलभूत मांगें रखीं, जिन पर कलेक्टर द्वारा शीघ्र स्वीकृति का आश्वासन दिया गया।
कलेक्टर द्वारा तुलार गुफा स्थित शिव मंदिर तक श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पहुंच मार्ग निर्माण में सहयोग का भरोसा दिलाया, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जिला प्रशासन की इस सक्रिय पहल से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास की सकारात्मक शुरुआत मानी जा रही है। इस दौरान जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी, सुरक्षा बल, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण

**बीजापुर।** भोपालपटनम विकासखंड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, सकनापल्ली में आज नवनिर्मित विद्यालय भवन का भव्य लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के पश्चात सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को भावपूर्ण बना दिया। मुख्य अतिथि कविता कोरम के करकमलों से रिबन काटकर नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया।

# मिशन सेहत के लिए अभिनव पहल, कलेक्टर ने तकनीकी पेंच सुलझाकर बुजुर्ग को दिलाया आयुष्मान कार्ड

## भाटपाल में स्वास्थ्य सुविधाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा ने शनिवार को बस्तर विकासखंड का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकासखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और भाटपाल के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि मौके पर मौजूद समस्याओं का तत्काल निराकरण भी करवाया।

कलेक्टर का इस दौरे में मानवीय संवेदना और प्रशासनिक तत्परता का अनूठा पहल देखने को मिला। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर का विशेष ध्यान 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पर रहा। जब उनके संज्ञान में यह बात आई कि आधार अपडेट न होने और फेस ऑथेंटिकेशन जैसी तकनीकी खामियों के चलते कुछ बुजुर्गों के कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि तकनीकी बाधाओं को कारण बताकर हितग्राहियों को लौटाया नहीं जा सकता। उनकी मौजूदगी में ही दोबारा प्रयास किया गया और तकनीकी अड़चनों को दूर करते हुए मौके पर ही बुजुर्ग का कार्ड बनाया गया। कलेक्टर ने





जोर देकर कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए संवेदनशीलता के साथ प्रयास किया जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं के डिजिटलीकरण पर जोर देते हुए कलेक्टर छिकारा ने मैदानी अमले को आभा आईडी के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले मरीजों की केवल पर्ची न काटी जाए, बल्कि उनकी डिजिटल आईडी तैयार की जाए। इसका लाभ यह होगा कि मरीज का पूरा मेडिकल इतिहास डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा। भविष्य में यदि वह मरीज किसी बड़े अस्पताल में रेफर होता है, तो वहां के डॉक्टरों को यह पता लगाने में आसानी होगी कि पूर्व में उसका क्या इलाज हुआ है और उसे कौन सी दवाइयां दी गई हैं। इसके साथ ही गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग पर फोकस करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अगले चरण में कलेक्टर भाटपाल स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, विशेषकर टीकाकरण और संस्थागत प्रसव का लाभ दूरस्थ अंचलों तक शत-प्रतिशत पहुंचना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही सेवाओं से वंचित न रहे। कलेक्टर के इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, एसडीएम गगन शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सी मैत्री, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीना लक्ष्मी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ नारायण नाग सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## व्यापारियों में उम्मीद-निराशा का मिश्रण,मध्यम वर्ग और गृहणियां असमंजस में

# आम आदमी से दूर, उद्योगपतियों का बजट : कांग्रेस








हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

केंद्रीय बजट को लेकर राजनीतिक,व्यापारिक और सामाजिक स्तर पर जगदलपुर सहित पूरे बस्तर में मिलीजुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कांग्रेस ने बजट को आम आदमी, गरीब और मध्यम वर्ग से कटे हुए बताते हुए इसे चुनिंदा उद्योगपतियों के हित में तैयार किया गया दस्तावेज करार दिया है। वहीं व्यापारिक संगठनों ने इसे मिश्रित बजट बताते हुए कुछ प्रावधानों पर उम्मीद जताई है,जबकि गृहणियों और आम नागरिकों में बजट को लेकर स्पष्टता का अभाव देखा गया।

कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें महंगाई नियंत्रण, किसानों की आय वृद्धि और युवाओं के लिए ठोस रोजगार सृजन का कोई स्पष्ट रोडमैप नजर नहीं आता। भारतीय मुद्रा की गिरती स्थिति,बढ़ती महंगाई और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर बजट मौन है। मध्यम और गरीब वर्ग के लिए प्रत्यक्ष राहत न होने से निराशा का माहौल है। वहीं छत्तीसगढ़ और विशेषकर बस्तर अंचल के लिए किसी बड़े प्रावधान का अभाव क्षेत्रीय उपेक्षा को दर्शाता है। बस्तर चेम्बर एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने अपने प्रतिक्रिया में कहा व्यापारिक संगठनों का मानना है कि वर्तमान बजट में सामान्य और रेल बजट को एक साथ देखने की परंपरा के कारण वास्तविक लाभों की तस्वीर कुछ समय बाद स्पष्ट होगी। रेल कॉरिडोर को लेकर संभावना जताई जा रही है कि भविष्य में बस्तर को भी इसका लाभ मिल सकता है। महिलाओं के स्व-रोजगार, ग्रामीण विकास और युवाओं के कौशल संवर्धन से जुड़ी योजनाओं को सकारात्मक कदम माना गया है, हालांकि जमीनी असर को लेकर अभी प्रतीक्षा है।

### मध्यम वर्ग उपेक्षित, बस्तर की जरूरतें फिर अनदेखी

पर्यावरण प्रेमी इन्द्रावती बचाओ आंदोलन और बस्तर रेल आंदोलन से जुड़े पूर्व चेम्बर अध्यक्ष किशोर पारख ने और सामाजिक चिंतकों ने बजट को आंकड़ों का खेल बताते हुए कहा कि लोअर मिडिल और मिडिल क्लास के लिए इसमें कोई ठोस राहत नहीं है। बस्तर में यात्री रेल विस्तार,नई रेल लाइनें और नई ट्रेनों जैसे बुनियादी मुद्दों का उल्लेख न होना निराशाजनक है। खनिज संसाधनों से जुड़े प्रावधानों को कॉरपोरेट हितों से जोड़कर देखा जा रहा है,जिससे स्थानीय विकास को लेकर सवाल खड़े होते हैं।

### बजट पर प्रमुख प्रतिक्रियाएं

बजट को लेकर कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य का कहना है कि यह दस्तावेज आमजन और गरीब वर्ग की वास्तविक जरूरतों को नजरअंदाज करता है और इसमें महंगाई,किसानों की आय, युवाओं के रोजगार तथा मध्यम वर्ग के लिए कोई ठोस राहत नहीं दी गई है। व्यापारिक दृष्टिकोण से बजट को मिश्रित बताते हुए रेल कॉरिडोर, महिला रोजगार और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर सीमित उम्मीद जताई गई है। वहीं सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़ी पूर्व प्राचार्य डा सुषमा झा और आम आदमी पंडित दृशान चक्रवती के आवाज़ों का मानना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कर राहत जैसे मुद्दों पर बजट अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। आम नागरिकों की राय में बजट जटिल है,जिससे गृहणियां और सामान्य परिवार खुद को इससे जुड़ा हुआ महसूस नहीं कर पा रहे हैं।

# चारामा-चॉवडी मार्ग पर हुआ हादसा, शिक्षक दंपति घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

चारामा थानांतर्गत पुरी के पास चार पहिया वाहन चालक के की लापरवाही से शिक्षक दंपति सड़क हादसा का शिकार हो गया। हादसा में स्कूटी सवार दोनो को गंभीर चोट आया, जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया।

वार्ड क्रमांक 7 बाजारपारा चारामा निवासी निखिल उन्दरकर ने थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराया कि उनके पिता जागेश्वर सिंह उन्दरकर एवं माता रेखा उन्दरकर शासकीय हाई स्कूल चॉवडी में अध्यापन कार्य के लिए अपनी वाहन क्रमांक सीजी 05 एपी 6658 में सवार होकर घर से निकले थे। रास्ते में 31 दिसंबर को सुबह करीबन साढ़े 7 बजें ग्राम चॉवडी के पास पुरी रोड पर पहुंचे थे, उसी समय पास से गुजर रहे वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजी 6216 के चालक गुलाब पंजवानी ने बिना संकेत दिए तेज गति और लापरवाही पूर्वक अचानक मोड़ लिया। इससे स्कूटी चार पहिया वाहन के साइड से टकरा गई और दोनों स्कूटी सहित सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रेखा उन्दरकर के दोनों पैरों में तथा जागेश्वर सिंह उन्दरकर के दाहिने पैर में चोट आई।

घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर किया। इसके बाद दोनों को धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक गुलाब पंजवानी के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# शिक्षक संवर्ग के विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान एवं जिला के निर्देशानुसार, ब्लॉक इकाई दरभा के पदाधिकारी एवं सदस्यों के प्रतिनिधि, मण्डल विकास खण्ड अध्यक्ष बुधराम कश्यप के नेतृत्व में शिक्षक संवर्ग के विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार सुनील कुमार ध्रुव, नायब तहसीलकार जयंत कुमार नेताम, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीरेंद्र बहादुर तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी शेख तौफिक खान के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन स्वीकार करते हुए अधिकारियों ने ज्ञापन को संबंधितों तक भेजे जाने की बात कही ।

ज्ञापन में उच्च न्यायालय बिलासपुर में रमेश चन्द्रवंशी के डब्लूपीएस/2255/2021 एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय 23 जनवरी 2026 के तहत पूर्व सेवा की गणना करते हुए संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्य करने का आदेश जारी करना, केंद्र सरकार के समान 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन अर्थात 50 प्रतिशत का प्रावधान करना, दस वर्ष के बजाय पांच वर्ष की सेवा में न्यूनतम पुरानी पेंशन का प्रावधान करना, पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षक, शिक्षक को दस वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल (वन टाइम रिलेक्सेशन) कर पांच वर्ष में क्रमोन्नति देना, टेट की अनिवार्यता समाप्त करने हस्तक्षेप याचिका दायर करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों के हितों की रक्षा करना, डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए 6 माह का बीएड ब्रिज कोर्स प्रारम्भ करना, मोबाइल वीएसके एप के स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति लेना अन्य मांगे शामिल है।

इस दौरान छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला संयोजक मंगलराम मौर्य, सलीम शाह,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जुलेखा शाह, ब्लॉक संगठन मंत्री अरविंद सिंह, लखीराम शेट्टी, शहनाज खान, मनोहर सिंह बरनाला, चैतराम नाग, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रमोद कुमार मरावी, जितेश द्विवेदी, संतोषी पांडेय,सफ़ीना शेख, गंगाराम उइके तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बस्तरिया राउत, रावत, यादव समाज का जिला स्तरीय वार्षिक उत्सव



**गीदम।** ग्राम पंचायत छिंदनार में बस्तरिया राउत, रावत, यादव समाज का जिला स्तरीय 31वां वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में यादव समाज की एकता, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर, समाज के हर क्षेत्र में विकास, नशा मुक्ति, विवाह रीति रिवाज, कर्मचारियों का योगदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बुलुराम यादव ने कहा कि यादव समाज को एकजुट होकर समाज के विकास के लिए काम करना होगा। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाज के लोगों को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करना होगा और उन्हें समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना होगा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष रमेश यादव, चरण यादव, जिला सचिव सार्तिक यादव, जिला सहसचिव सोहन यादव, कोषाध्यक्ष मनीराम यादव, राकेश यादव कर्मचारी प्रकोष्ट रामचरण यादव, घीनूराम यादव, चन्द्रनाथ यादव, हरिलाल यादव, पीलाराम यादव, लक्ष्मण यादव, रघुनाथ यादव, रघुवीर यादव, सोहन यादव सहित जिला पदाधिकारी, ब्लाक पदाधिकारी, समाज प्रमुख और ग्रामों से आये हुए हजारों की संख्या में यादव भाई-बहन शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज के लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी और समाज के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया।

# नक्सलवाद के अंधेरे को चीर रही विकास की रोशनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

■ दुब्बामरका में सरकारी योजनाओं की दस्तक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन सुकमा अब उन क्षेत्रों तक अपनी प्रभावी पहुंच सुनिश्चित कर रहा है, जिन्हें कभी अगम्य माना जाता था। कलेक्टर अमित कुमार के कुशल निर्देशन में कोंटा विकासखंड के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र दुब्बामरका में भव्य जनजागरूकता अभियान सह शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर न केवल शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ । बल्कि ग्रामीणों के बीच प्रशासन के प्रति बढ़ते विश्वास का सशक्त उदाहरण भी बना। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ ऑन द स्पॉट आवेदन एवं त्वरित समाधान की सुविधा प्रदान की गई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में प्रक्रियागत देरी और दूरी की बाधाएं प्रभावी रूप से समाप्त हुईं।

### तिरंगा भोजन से पोषण की नई समझ

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सत्र ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र रहा। महिलाओं को तिरंगा भोजन विभिन्न रंगों के पोषक तत्वों से युक्त संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणाम, घरेलू हिंसा के विरुद्ध उपलब्ध कानूनी प्रावधान तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की उपयोगिता पर भी जागरूकता फैलाई गई। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 3 प्रकरण तैयार किए गए तथा 6 (फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम पंजीयन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ जिले के अंतिम छोर पर निवासरत व्यक्ति तक पहुंचे। दुब्बामरका जैसे क्षेत्रों में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता यह दर्शाती है कि क्षेत्र में विकास और शांति की नई बयार बह रही है।

### स्वास्थ्य और नशामुक्ति का संदेश

दुर्गम अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने एवं समाज को कुरीतियों से मुक्त करने के लिए नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्वस्थ एवं जागरूक जीवनशैली का संदेश दिया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता ने सुना केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण, भविष्य के रोडमैप पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली



केंद्र सरकार के बजट सत्र के तहत बचेली मंडल में केंद्रीय बजट लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 3 स्थित हरीश शर्मा की दुकान के समीप आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र की जनता एकत्रित हुई।

मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण महापात्र की गरिमामयी उपस्थिति में वित्त मंत्री के बजट भाषण का सीधा प्रसारण देखा और सुना गया। बजट भाषण के दौरान उपस्थित लोगों ने देश की आर्थिक दिशा और जनकल्याणकारी योजनाओं पर बारीकी से ध्यान दिया।

भाषण समाप्त होने के पश्चात महापात्र और अन्य जनप्रतिनिधियों ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर आम जनता के साथ विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ साथ नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमित सरकार, मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती, जिला आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक हरीश शर्मा, मंडल महामंत्री सुदीप्ता शेखर मंडल, झिलकी नाग, प्रदेश अनुसूचित जाति मंत्री तथा पार्षद धनसिह नाग, प्रदेश ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य तथा पार्षद बीना साहू, श्यामलाल सेठिया, मनोज सिंग, मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, दिब्यो दुर्गा, अनुसुइया भोपले, अरुणा टंडन, अर्नब, बसंत, नरेंद्र सोनी समेत बचेली मंडल में निवासरत भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मंडल के पदाधिकारी और कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने बजट को विकासोन्मुख और समावेशी बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस प्रकार के सार्वजनिक प्रसारण की सराहना की, जिससे उन्हें सीधे सरकार की नीतियों को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी कार्यकर्ताओं से बजट की प्रमुख उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### माता पहुंचानी 5 को, 6 एवं 7 को वार्षिक मेला

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकोंदल में परंपरागत आस्था और उत्साह के साथ 5 फरवरी को माता पहुंचानी का आयोजन किया जाएगा। अगले दिन 6 एवं 7 फरवरी को गांव में दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत की सरपंच हरिषा मंडावी ने बताया कि साफ-सफाई, सुरक्षा, बिजली, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वार्षिक मेले के दौरान मेला की रात 9 बजे से प्रसिद्ध प्रेम सुमन नाचा पार्टी द्वारा रंगारंग नाचा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### कोहरे में गाड़ी चलाते समय हेडलाइट चालू रखें : आरटीओ

जगदलपुर। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा सड़क हादसों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त यात्री बस संचालक, कामर्शियल वाहन चालकों से अपील की है कि घने कोहरे में गाड़ी चलाते समय गति कम करें और हेडलाइट चालू रखें। हेडलाइट को हमेशा लो बीम मोड पर रखें ताकि आप सड़क को ठीक से देख सकें।

**बजट : किसान, युवा और महिला समेत अन्य वर्ग की खुशहाली का संदेश है बजट**

# मोदी सरकार की आशा और आकांक्षाओं के बजट से विपक्षी नेताओं की उड़ी नींद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा के नेता इस बार कुछ ज्यादा ही सक्रिय नजर आएं और कई जगह विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। भाजपा नेताओं ने इस बार केंद्रीय बजट को लेकर जन समूह में भी चर्चा करके उसके लाभ के बारे में बताते हुए नजर आएं। भाजपा नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार के आशा और आकांक्षाओं के बजट से विपक्ष की नीदं उड़ गई है और कुछ बोल भी नहीं पा रहे है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता महावीर सिंह राठौर ने कहा कि यह बजट जनता को समर्पित है, यह इतना शानदार बजट है कि विपक्ष के नेताओं की नींद उड़ गई है, क्योंकि वे इसकी क्वालिटी देखकर घबरा गए हैं। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिलाएं, मुझे लगता है कि किसी को भी नजरअंदाज नहीं किया गया है। सभी क्षेत्रों को बजट में पूरी तरह से शामिल किया गया है। उन्होने कहा कि आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक का यह बजट है, जिसमें नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना की दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है। आयुष और स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर देना, महिलाओं के लिए हर जनपद में छात्रावास के निर्माण की व्यवस्था, नौजवानों के लिए हर क्षेत्र में अवसर के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्र में रिफॉर्म का बजट पेश किया गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए ये बजट मददगार साबित होगा।



### यूनिक बजट : पालिका अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक यह एक ऐसा यूनिक बजट है, जिसमें फिसकल डेफिसिट कम करने पर फोकस है। इसके साथ बजट में हाई कैपेक्स और हाई ग्रोथ का समन्वय है। यह देश की ग्लोबल भूमिका को नए सिरे सशक्त करता है, जो डील ईयू के साथ हुई है उसका फायदा भारत के युवाओं को मिले, इसके लिए बजट में बड़े कदम उठाए गए हैं। इस बजट में नई रफ्तार के लिए महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार किया गया है। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल सनराइज सेक्टर को जिस मजबूती के साथ महत्व दिया है वह अहम है। रेयर अर्थ कॉरिडोर, क्रिटिकल मिनिरल्स पर बल, टैक्सटाइल, हाईटेक टूल मैनुफैक्चरिंग जैसी चीजें भविष्य और वर्तमान की जरूरतों का ध्यान रखती हैं। ऑरेंज इकोनॉमी, पर्यटन और खेलो इंडिया मिशन के जरिए युवाओं के लिए नए अवसरों द्वार खुलेंगे। भारत को दुनिया का डेटा सेंटर हब बनाने टैक्स में बड़ी छूट दी गई है।

### छत्तीसगढ़ के विकास के कई प्रावधान

भाजपा के जिला प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह केन्द्रीय बजट 2026-27 में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई रणनीतिक प्रावधान किए गए हैं। चूँकि छत्तीसगढ़ एक खनिज संपन्न और जनजातीय बहुल राज्य है, इसलिए केंद्र सरकार का ध्यान यहाँ की कनेक्टिविटी, जनजातीय कल्याण और औद्योगिक विकास पर केंद्रित है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी ने कहा कि बजट में इंफ्रा को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। हाई स्पीड रेल कॉरिडोर टियर टू और थ्री शहरों के विकास पर ध्यान ये सारे कदम विकसित भारत की यात्रा की गति को और तेज करेंगे। किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी नागरिक हैं। हमने इस पर निवेश किया है। हमारा प्रयास स्किल, स्केल और सस्टेनिबिलिटी को मजबूत करने पर रहा है।

### सेनानी कंगलु कुम्हार की मनाई जाएगी पुण्यतिथि

दुर्गुकोंदल। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कंगलु कुम्हार कि पुण्यतिथि के अवसर पर 2 फरवरी को दुर्गुकोंदल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कोसरिया कुम्हार समाज, स्वतंत्रता सेनानी स्मृति समिति एवं क्षेत्रवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन में स्व. कंगलु कुम्हार जी के अतुलनीय योगदान, त्याग और बलिदान को स्मरण करना तथा नई पीढ़ी को उनके संघर्ष से प्रेरणा देना है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### प्राशा हेपुरकसा में बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

प्राथमिक शाला हेपुरकसा में महिला स्व सहायता समूह द्वारा 31 जनवरी को छात्र-छात्राओं के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पौषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ समाज और विद्यालय के बीच आपसी सहयोग एवं अपनत्व की भावना को सशक्त करना रहा।

न्यौता भोज में बच्चों के लिए चावल, दाल, सब्जी, बड़ा–पुड़ी, सलाद सहित विविध व्यंजन तैयार किए गए थे। भोजन की गुणवत्ता एवं स्वाद ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अनुशासन के साथ पंक्तिबद्ध होकर भोजन ग्रहण किया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। महिला स्व सहायता समूह की माताओं ने पूरे मनोयोग से भोजन की तैयारी एवं वितरण की जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर प्रधानपाठक बलराम सिंह भोयर ने बताया



कि न्यौता भोज छत्तीसगढ़ सरकार की एक सराहनीय पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना और समाज के लोगों को विद्यालय से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस योजना से बच्चों में समानता, प्रेम, भाईचारा तथा सामाजिक समरसता की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश कुमार शिवने, स्वीपर फागूराम पद्दा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामसाय पुड़ो, वार्ड पंच राधेलाल तोप्पा, रामलाल पोटाई, मनहेर पुड़ो, मनसिला पुड़ो, लछमाय पोटाई, देवन्तीन पोटाई सहित महिला समूह की सभी सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।







